राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

पत्र संख्या–प0नि0–30–95 / 2026..3779

प्रेषक,

शम्भु कुमार
संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी(पंचायत)
–सह–जिला पदाधिकारी
सहरसा

पटना, दिनांक– 16.09.26

**विषय : वर्ष 2011 की जनगणना के EB Wise Data का मोबाईल ऐप से प्रविष्टि के समय कुछ EB के नदी में विलीन / अन्य त्रुटि होने के कारण कार्य पूर्ण नही होने के संबंध में।**

**प्रसंगः– आपका पत्रांक–1920 दिनांक 15.09.2026**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के माध्यम से आपके द्वारा प्रखंड सलखुआ एवं नवहट्टा अन्तर्गत कुछ EB को नदी में विलिन / अन्य त्रुटि होने के कारण EB Wise Data का मोबाईल ऐप से प्रविष्टि करने में आ रही कठिनाई का निराकरण के संबंध में अनुरोध प्रेषित है।

ज्ञातव्य हो कि EB प्रविष्टि के माध्यम संबंधित राजस्व ग्राम के जनसंख्या को संबद्ध किया जाना हैं,अतएव वैसे EB जो नदी क्षेत्र में विलीन हो गये है,वैसे क्षेत्रों के EB का अंकन नही किया जाना है,परन्तु प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी(पंचायत) –सह–जिला पदाधिकारी से हस्ताक्षर उपरांत आयोग को प्रतिवेदन उपलब्ध किया जाना है।

आयोग के माध्यम से इस संबंध में DPRO/DIO/IT Manager/BDO/तकनीकी सहायक सभी को प्रशिक्षण में अवगत भी किया गया है।

अतः अनुरोध हैं कि अपने स्तर से गहन समीक्षा करते हुए प्रतिवेदन मंतव्य के साथ आयोग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

16/9/26

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar@gmail.com



E:\dhiru\RKJ\RK\Letter.docx